ऑनलाइन डिलीवरी ब्वॉयज एवं स्ट्रीट वेंडर की कोविड टेस्टिंग के लिए नेहरू नगर में लगाया गया कैंप

भिलाई निगम/ आज ऑनलाइन डिलीवरी ब्वॉयज एवं स्ट्रीट वेंडर्स की कोविड जांच के लिए नेहरू नगर में कैंप लगाया गया! जिसमें 25 लोगों का सैंपल कलेक्शन किया गया! नेहरू नगर क्षेत्र में ज्यादातर लोग होम डिलीवरी का उपयोग आवश्यक सामग्री एवं सब्जियां इत्यादि मंगवाने के लिए करते हैं! वही इस क्षेत्र में स्वीगी, जोमैटो इत्यादि के डिलीवरी ब्वॉयज की अधिक सक्रियता रहती है! जिसको देखते हुए आज सरस्वती शिशु मंदिर के समीप शासकीय विद्यालय में कोविड जांच के लिए कैंप का आयोजन किया गया! स्वास्थ्य टीम में डॉली साहू, कीर्ति साहू एवं राखी यादव ने कोविड का सैंपल लिया! कोविड जांच के लिए निगम एवं स्वास्थ विभाग के समन्वय से स्ट्रीट वेंडर्स , मेडिकल स्टोर में कार्य करने वाले लोग , एवं होम डिलीवरी ब्वॉयज की कोविड जांच के लिए कैंप का आयोजन किया गया था! इन सभी को सूचना देने के लिए अजय शुक्ला ने कोआर्डिनेशन किया! सीपीएम तुषार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि जहां ज्यादा संक्रमित व्यक्ति मिल रहे हैं वहां भी मोबाइल टीम के माध्यम से कैंप लगाकर कोविड जांच किया जाता रहा है! अभी घर-घर जाकर होम डिलीवरी करने वाले व्यक्तियों का कोविड जांच किया जा रहा है! बता दें कि आवश्यक सामग्री प्राप्त करने के लिए होम डिलीवरी की अनुमति जिला प्रशासन द्वारा दी गई है! यदि इनमें से कोई भी संक्रमित हुआ तो वह सुपर स्प्रेडर बन सकता है! इसको देखते हुए जिला कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने अभियान चलाकर इनके टेस्टिंग करवाने के निर्देश दिए हैं! नेगेटिव आने पर इन्हें स्टीकर भी प्रदान किया जाएगा! अभियान की शुरुआत आज निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर नेहरू नगर से की गई! निगम भिलाई और स्वास्थ विभाग के समन्वय से आगे भी अभियान को जारी रखा जाएगा! ताकि सत प्रतिशत स्ट्रीट वेंडर एवं डिलीवरी ब्वॉयज का शीघ्र , अति शीघ्र कोविड जांच हो सके!